एनएसएस के स्वयंसेवक ने रक्तदान कर महिला की बचाई जान

रामगढ़। देश में फैले कोरोना वायरस के महामारी के बीच भी कई ऐसे लोग हैं जो किसी की भी सहायता करने के लिए सदैव तत्पर हैं। वहीं इस विषम परिस्थिति में कई लोग बल्ड बैंक में रक्त देकर भी असहायों की मदद कर रहे हैं। शहर में सम्पूर्ण लॉकडाउन के बीच पुलिस की गश्त तेज हो गई है,और लोग घर से निकलने में डर रहे हैं।जिस कारण से ब्लड बैंक में रक्त की समस्या उतपन्न हो जा रही है तो वहीं ऐसे मौके पर भी कई लोग मदद करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। रामगढ महाविद्यालय रामगढ के राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयंसेवक अजित कुमार गुप्ता ने शनिवार को आपातकालीन सूचना प्राप्त होने पर रांची स्थित मेडिका अस्पताल में रक्तदान कर एक महिला की जान बचाई। मौके पर अजित कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना हमें आठों पहर यानी 24 घंटे राष्ट्र के लिए समर्पित रहते है और इससे पहले भी आपातकाल में रक्तदान करने वाले वरिष्ठ स्वयंसेवक शशिकांत कुमार सिंह,विकास कुमार से प्रेरणा प्राप्त हुई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मिथलेश कुमार सिंह,कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय, पूर्व टीम लीडर विकास कुमार आदि अन्य लोगों ने रक्तदान करने पर बधाई दिए।

हर्सोल्लास के साथ मनाई गई स्वामी विवेकानंद की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती रामगढ महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई-1 के द्वारा राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाई गई। कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय के नेतृत्व में सभी स्वयंसेवक स्वामी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन किया और उनके कृतित्व और व्यक्तित्व को याद किया गया। साथ ही उनके विचारों पर चलने के लिए युवाओं को प्रेरित किया गया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हम सभी को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलने की जरूरत है। स्वामी ने अपने जीवनकाल में हमेशा सकारात्मक विचारों को

अपनाया तथा देश-विदेश में जाकर उनका प्रचार भी किया। साथ ही स्वयंसेवक विकास कुमार ने कहा उन्होंने हमेशा युवाओं को आगे लाने के लिए संघर्ष किया। उनका मानना था कि देश के विकास में युवाओं की अग्रणी भूमिका होनी चाहिए। कार्यक्रम में छात्रों के बीच निबंध प्रतियोगिता, पौधरोपण,नृत्य-संगीत आदि कार्यक्रम कराया गया। जिसमे मुख्य रूप से स्वयंसेवक अजित कुमार गुप्ता,अजय कुमार,अमित कुमार,स्मृति भारद्वाज, शिवानी कुमारी,मल्लिका पाठक,कोमल तिर्की आदि अन्य स्वयंसेवक उपस्थित थे।